भारत सरकार
खान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1405
दिनांक 14.03.2022 को उत्तर देने के लिए

अवैध खनन

1405.# श्री नीरज डांगी:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में अवैध खनन के बारे में प्राप्त शिकायतों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि देश में अवैध खनन के मामलों की संख्या में वृद्धि हुईहै; और
(ग) यदि हाँ, तो इन शिकायतों पर की गई कार्रवाई का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री
(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (ग): खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम (एमएमडीआर अधिनियम) 1957 की धारा 23ग, राज्य सरकारों को अवैध खनन को रोकने के लिए नियम बनाने का अधिकार प्रदान करती है और राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, खनिजों के अवैध खनन, ढुलाई और भण्डारण को रोकने तथा उससे संबंधित प्रयोजनों के लिए ऐसे नियम बना सकती है। अवैध खनन पर नियंत्रण राज्य सरकारों के विधायी और प्रशासनिक दायरे में आता है।

तथापि, विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा खान मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय, भारतीय खान ब्यूरो को उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, शिकायतों पर की गई कार्रवाई के ब्योरे के साथ-साथ वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक (सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही तक) की अवधि के लिए अवैध खनन के मामलों की संख्या अनुबंध-। में दी गई है।

***

अनुबंध-I (सं.प्र. 1405)

क्र.सं.	राज्य	वर्ष **2019-20** के दौरान दर्ज मामलों की संख्या	वर्ष **2020-21**के दौरान दर्ज मामलों की संख्या	वर्ष **2021-22**के दौरान दर्ज मामलों की संख्या (सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही तक)	की गई कार्रवाई			
					दर्जप्राथमिकी (सं.)	दर्ज अदालती मामले (सं.)	जब्त वाहन (सं.)	राज्य सरकार द्वारा वसूला गया जुर्माना (लाख रु.)
1	आंध्र प्रदेश	8354	10736	5457	37	24	2922	40570.126
2	छत्तीसगढ़	6449	5376	2263	0	6449	0	2723.495
3	गोवा	0	0	01	1	0	0	6.952
4	गुजरात	7476	7164	4101	298	36	13,358	27483.78
5	हरियाणा	1251	1384	324	509	0	0	2051.077
6	हिमाचल प्रदेश	2424	4339	2214	84	1028	13	268.382
7	झारखंड	3269	प्राप्त नहीं हुई	613	880	568	3714	715.9
8	कर्नाटक	4935	5584	2996	2281	1198	658	7015.009
9	केरल	8575	7400	3012	0	0	0	14288.96
10	मध्य प्रदेश	8223	11157	1464	1	8290	11	110622.42
11	महाराष्ट्र	10456	11002	3605	5511	0	25063	27479.51
12	ओडिशा	16	18	99	0	0	23	119.693
13	राजस्थान	4027	5815	4787	1163	164	8822	16769.086
14	तमिलनाडु	66	70	प्राप्त नहीं हुई	17175	1589	12531	982.082
15	तेलंगाना	7039	5620	2520	0	0	0	2441.6
16	उत्तर प्रदेश	प्राप्त नहीं हुई	प्राप्त नहीं हुई	5330	82	533	0	2619.710

प्राप्त नहीं हुई – तिमाही विवरणी प्राप्त नहीं हुई।